

## एक नजर में

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ निकले विमान

**राजगढ़ 04 सितम्बर, का.** डोल ग्यारस के पर्व पर बुधवार को गार्ड ऑफ ओनर की रियासत कालीन परमपरा के साथ सभी मंदिरों के बेवान हर्सोल्लास के साथ निकले. हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित सर्व प्रथम रियासतकालीन नरसिंह भगवान के मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ चल समारोह की शुरुआत की गई. इस के परायण समिति में एकत्रित सभी मंदिरों के बेवान की पूजा और आरती के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और चल समारोह नेवज नदी के लिए रवाना हुआ. ढोल धमाके और गिरते पानी में निकले चल समाहरो के दौरान श्रदलाओ ने जम कर जयकारे लगाए और बेवनो पर पुष्प वर्षा की. नेवज नदी की छोटी पुलिया पर फिर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया वही पुनः नरसिंह भगवान पर पहुच कर आरती एवम चौथी और अंतिम बार पुलिस बल के द्वारा सलामी दी गई.

### मेवाड़े समाज ने नदी में निकाली चलित नाव

**खिलचीपुर 04 सितम्बर, सं.** तेज बारिश के बीच डोल ग्यारस पर्व हर्ष उल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. बुधवार को पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद की मोजुदगी में बुधवार को धर्मप्रेमी जनता भक्ति के रंग में रंगी नजर आई जलझूलनी एकादशी डोल ग्यारस का पर्व खिलचीपुर नगर में पूर्व परंपरा अनुसार मनाया गया. कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश के बीच लोगो का उत्साह कम नही कर सका सबसे आगे बैंड बाजे ओर जयकारों के साथ सावलिया सेठ महाराज मंदिर, साहू मंदिर, गोपाल मंदिर आदि समाजो के सभी विमान शामिल होकर एक साथ खिलचीपुर नगर की जीवन रेखा नदी के तट पर पहुंचे, जहां पर भगवान को स्नान कराएगा गया. इस दौरान नगर के सभी दुकानें बंद रही यहां पर नदी तट पर विधि विधान से भगवान की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना ओर आरती की गई इस मोके पर पूरा हिन्दू समाज के पुरुष महिलाएं, बालक बालिकाएं नदी तट पर दर्शन करने उमड़े रिमझिम बारिश के बावजूद लोगो ने नदी में मस्ती की ,लोगों ने जमकर नहाने का लुफ्त उठाया. इस दौरान, मेवाडे समाज द्वारा नदी में चालित नाव पर भगवान श्री राम लक्ष्मण माता सीता ,हनुमान नारद जी की आकर्षक झांकी निकाली गई. इस बार भगवान खाटू श्याम की आकर्षण झांकी भी निकाली गई.

# गर्भवती महिला का 8 माह से पंजीयन नहीं

## टीकाकरण और पंजीयन में निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ी, आशा कार्यकर्ता को नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 सितम्बर, का. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना.**

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने भर्ती मरीजों से उनके उपचार और देखभाल के बारे में जानकारी ली. उन्होंने मरीजों से कहा कि अस्पताल में सभी सुविधाएं पूरी तरह से निःशुल्क हैं और किसी भी कर्मचारी को किसी भी सेवा के लिए कोई भी राशि नहीं दी जानी चाहिए. यदि कोई कर्मचारी पैसे की मांग करता है, तो इसकी शिकायत तुरंत उच्च अधिकारियों से की जा सकती है.



### टीकाकरण और पंजीयन में मिली खामियां

निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में पहुंचीं मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने एक-एक मरीज की केस शीट देखी और उन्हें दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली. डीपीएम सुश्री शिखा सरावगी ने महिलाओं के टीकाकरण कार्ड में पाई गई कमियों पर संबंधित कर्मचारी को तुरंत बुलाया. इसके अलावा, एक गर्भवती महिला का आठ महीने तक पंजीयन नहीं होने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### कर्मचारियों को दिए निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मरीजों के साथ मधुर और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं. साथ ही मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग भी मिलना चाहिए. यह निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. इस अवसर पर आरएमओ डॉ अमित कोहली, डॉ मनीषा मित्तल सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे.

# सवा करोड़ शिवलिंगों से सजा नरसिंहगढ़ नगर

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ सम्पन्न



नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 04 सितम्बर, सं. नगर में स्टेडियम में नगर की हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का सात दिवसीय आयोजन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ. सातों दिन हजारो श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 18 से 22 लाख तक शिवलिंग निर्माण कर आयोजन के सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया. पूज्य धर्माचार्य सोमेश परसाई ने विधिपूर्वक , मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया.**

उन्होंने लोगो को धर्म, भक्ति व सामाजिक जागरण का संदेश दिया. उन्होंने प्रतिदिन श्रद्धालुओं से 'सच्ची दक्षिणा' मांगी. उन्होंने कहा कि भगवान केवल आडंबर से प्रसन्न नहीं होते, बल्कि कर्म और संकल्प से ही शिव कृपा प्राप्त होती है. वही उन्होंने पूजा में प्रदर्शन के बजाए दर्शन होने की बात कही. इस भव्य धार्मिक आयोजन के पहले दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव आराधना हर घर में दीप प्रज्वलन का संकल्प दिलाया.

वहीं अलग- अलग दिनों में उन्होंने पौधरोपण, पर्यावरण सुरक्षा, पवित्र नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, भ्रूण हत्या के पाप से बचने और दान धर्म की बात कही. अपने धार्मिक संदेशो में भी उन्होने स्वच्छता सहित गोपालन की बातों पर जोर दिया. इस आयोजन के दौरान निरंतर भजन, कीर्तन और प्रवचनों से नगर का वातावरण शिवमय बना रहा. अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से मंगलकामनाएं कीं. **श्रद्धालुओं का जताया आभार-** वही कार्यक्रम के अंत में आयोजक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिये आभार जताया. उन्होंने सभी शासकीय विभागों, सामाजिक संस्थाओं, सभी अलग-अलग समितियां में लगे कार्यकर्ताओं का समय दान देने आभार जताया.

### पडाना भाजपा मंडल के नेतृत्व में किया स्वागत

**पडाना 04 सितम्बर, सं.** लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में पचोर नगर पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के नगरी विकास एवं आवास संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गी एवं कौशल विकास मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल का नेशनल हाईवे मऊ में पड़ाना भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत व सत्कार किया

## क्षेत्र का सुनियोजित विकास और जनता के विश्वास का केन्द्र बिंदु बन गये है गौतम टैटवाल

# विश्वास और विकास को पीछे नहीं रहने दूंगा-टैटवाल

**जन्मदिवस पर**
**विशेष**


गोविन्द बड़ोने/लोकेश पुष्पद

**ब्यावरा/ सारंगपुर 04 सितंबर, का. प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टैटवाल ने राजनीति में रफ्ता-रफ्ता अपने कदम बढ़ाकर जिस प्रकार अपनी जगह बनाई है वह उनके प्रतिद्वंदियों को बैचेन करती है. विकास करने के प्रति पूरे मनोयोग से जुड़ने का संकल्प लेने वाले श्री गौतम टेटवाल ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर 'नवभारत' से कहा कि वे जनता, कार्यकर्ता और पार्टी नेतृत्व का विश्वास नहीं टूटने देंगे और क्षेत्र को विकास में कभी पीछे नहीं रहने देंगे. उनका कहना था कि न तो उनपर भरोसा जताने वालों का विश्वास तोड़ूंगा और न क्षेत्र का कोई विकास कार्य छोड़ूंगा.**

क्षेत्र का सुनियोजित विकास उनकी प्राथमिकता सदैव रही है और आगे रहेगी. आपने 'नवभारत' से चर्चा करते हुए कहा कि वे विकास को क्षेत्र की जरूरत के आधार पर प्राथमिकता तय करते हुए कार्य कर रहे है.

सरकार के मुखिया द्वारा दो जिलों का प्रभारी बनाते हुए बड़ी जवाबदारी मिलने के विषय में उनका कहना था कि मैं ऐसा मानता हूं कि जवाबदारी ने मुझे अपने कर्म के प्रति और मजबूत बनाने का कार्य किया है. मैं सारंगपुर के सर्वांगीण विकास के प्रति तो कृत संकल्पित हूं ही, उनसे जितना अधिक बन सकेगा समूचे राजगढ़ जिले और प्रभार वाले जिले तथा प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री श्री यादव के नेतृत्व में यथासंभव एक गिलहरी की भांति अपनी भूमिका निभाने का हर संभव पूरा प्रयास करूंगा.

मंत्री श्री टैटवाल का कहना है कि वे राजनीति में जातिगत समीकरणों, जाति की बाहुल्यता, बाहुबल, धनबल अथवा किसी ऐसी विशेषता के कारण नहीं आया हूं जो मुझे लाभ पहुंचाती है. मैं तो अपने कार्यकर्ता के भाव को बचपन से जिंदा रखते हुए ही यहां पहुंचा हूं. इसके लिये मैंने अभाविप से लेकर युवा मोर्चा तक में काफी परिश्रम किया है. मैंने वर्षो तक पार्टी का कार्य किया और पार्टी ने मुझे



हर प्रकार की जवाबदारी दी है.

श्री टैटवाल ने बताया कि उन्होंने कृषि में स्नातक कर राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा करने का संकल्प लिया. उन्होंने क्षेत्र के पूर्व विधायक अमरसिंह कोठार सहित क्षेत्र के पुराने नेताओं से आशीर्वाद लिया और उनके साथ काम किया. आपने बताया कि वे संघ के स्वयं सेवक के तौर पर समाज में सक्रिय रहे है और उन्हें वर्तमान के कई वरिष्ठ प्रचारकों सहित स्व. श्री भगवत शरण माथुर का आशीर्वाद और स्नेह मिला है. उन्होंने ही समाज और जनता के साथ कैसे घुल मिलकर काम किया जाता है, कार्यकर्ताओं को महत्व देते हुए उनकी भावनओं का सम्मान किया जाता है यह सिखाया है.

श्री टैटवाल ने कहा कि जनता ने दिये आशीर्वाद और सरकार में मिले दायित्व के बाद वे क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है. व्यक्तिगत रूप से कार्य करने की बजाय वे सार्वजनिक कार्य करने में अधिक रूचि रखते है.

उनकी प्राथमिकता सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना है. वे इसके लिये पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है. विस क्षेत्र में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने सड़कों का जाल बिछाना, बिजली एवं पानी की सुविधा भी गांव-गांव, घर पहुंचाना, पढ़ाना, मऊ, पाड्ल्यामाताजी, भैसवा माताजी, संडावता, भ्याना जैसे क्षेत्र के बड़े कस्बों और पचोर, सारंगपुर जैसे शहरों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, राजस्व सुविधा में पूरी तरह संतुष्ट बनाना चाहता हूं.

### सारंगपुर क्षेत्र का धार्मिक और प्राकृतिक स्वरूप बदलेगा

सारंगपुर क्षेत्र एतिहासिक, धार्मिक क्षेत्र के साथ ही यह रमणिक क्षेत्र भी बने इसके लिये वे प्रयासरत है. आपने कहा कि सांरगपुर कपिल मुनि की तपस्थली है. यहां मां बिजासन की भूमि है. यहां आने वाले दिनों में धार्मिक और प्राकृतिक स्वरूप बदलेगा. इसके लिये सरकार और प्रशासन के स्तर पर व्यापक प्रयास किये जा रहे है. मां भैंसवामाता के दरबार का स्वरूप और यहां की सुंदरता, रमणीयता आने वाले दिनों में प्रभावी तौर पर मन भाने लगेगी. वे समूचे सारंगपुर क्षेत्र बल्कि राजगढ़ जिले का विकास सुनियोजित रूप से करने तथा प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ अपनी भागीदारी निभाने की मनसिकता के साथ मैदान में कूद कर मेहनत कर रहे है. मैं अभिभूत हूं कि संगठन और सरकार के मुखिया ने उन पर पूरा विश्वास व्यक्त करते हुए बड़ी जिम्मेंदारी दी हुई है. वे सारंगपुर क्षेत्र के प्रमुख कस्बे, नगर पचोर और सारंगपुर तथा बड़ी आबादी वाले गांवों के लिये अलग से योजनाएं बनाने पर जोर दे रहे है. साथ ही छोटे गांव और कस्बों को भी विकास में पीछे नहीं रहने दिया जायेगा. ऐसा प्रयास उनका हर संभव रहेगा. आपने कहा कि मुझे मालूम है कि मुझसे आशाएं बड़ गई है इसलिये अधिक मेहनत कर उन आशाओं पर खरा साबित होने अपना पसीना बहाने में पीछे नहीं रहेंगे. आपने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे दो जिले उज्जैन और बड़वानी के प्रभारी मंत्री के तौर पर वहां की सेवा करने का कार्य सौंपा है. उसे भी वे अपने समर्पण और परिश्रम के आधार पर पूरा करने का प्रयास कर रहे है. आपने कहा कि अपना कार्य पूरी ईमानदारी तथा कर्मठता के साथ करने का प्रयास करता हूं. उनका कहना था कि मैंरा प्रयास होगा कि सुनियोजित, योजनाबद्ध रूप से विकास किया जाएं जिससे उसका लाभ क्षेत्र को स्थायी तौर पर मिले.











